दिनांक 04.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लगातार सुविधा प्रदान करने सुबह 8.00 से 3.00 बजे तक आयोजित होगी , निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

भिलाईनगर। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर अब दो की जगह एक ही पाली में लगातार लगाया जाएगा। जिलाधीश द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट के समय में बदलाव किया गया है। अब गुरूवार5 नवंबर से बदले हुए नये समय सारणी के तहत स्वास्थ्य शिविर सुबह 8.00 बजे से 3.00 बजे तक निरंतर आयोजित होगा। भिलाई निगम क्षेत्र में आयोजित शिविर में अब तक 401 लोग स्वास्थ्य परीक्षण करा चुके है! शिविर के माध्यम से संगठित एवं असंगठित कर्मकारो को पंजीयन फार्म भी वितरण किया जा रहा है! छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप मोहल्ले में ही चिकित्सकों द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा देने के लिए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट भिलाई निगम क्षेत्र के लिए प्राप्त हुई है जो क्रमशः अलग अलग वार्डों में पहुंचकर क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क जांच एवं दवाईयां प्रदान कर रही हैं। शिविर के चौथे दिन आज मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्ड क्रमांक 5 लक्ष्मी नगर अंतर्गत गौतम नगर के बुद्ध भूमि संस्कृतिक भवन में , वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत अर्जुन नगर के सतनाम भवन दुर्गा मंच में और वार्ड 33 सुभाष वार्ड खुर्सीपार के बाबा बालक नाथ मंदिर के पास स्थित सांस्कृतिक मंच में आयोजित हुआ! जिसमें 162 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। तीन दिन के शिविर में स्लम क्षेत्रों अब तक 401 लोग चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई प्राप्त कर चुके है! पैथोला ॅजी की सुविधा के तहत 59 लोगों का शुगर, हिमोग्लोबीन व अन्य जांच मोबाइल मेडिकल यूनिट के लैब में किया गया है!

जनसम्पर्क अधिकारी